राजू श्रीवास्तव

राजू श्रीवास्तव का जन्म 25 दिसंबर 1963 को यूपी के कानपुर में एक मध्यवर्ग परिवार में हुआ। इनके पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव को बलाई काका कहा जाता था , क्योंकि वह एक कवि थे। उनके माता का नाम सरस्वती श्रीवास्तव हैं। राजू श्रीवास्तव बचपन से ही कॉमेडी करते थे और इसी में भविष्य बनाने की सोची। इन्होने बचपन से ही स्टेज शो करने लगे।

राजू श्रीवास्तव ने शिखा श्रीवास्तव से शादी की हैं। उनका एक बीटा आयुषमान श्रीवास्तव और बेटी अंतरा श्रीवास्तव हैं।

Raju Srivastav ने अपने करियर की शुरुवात 1993 में की। श्रीवास्तव ने भारत और विदेशों में स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने ऑडियो कैसेट और वीडियो सीडी की एक श्रृंखला भी लॉन्च की। उन्हें अमिताभ बच्चन के लुक-अलाइक के रूप में प्रारंभिक पहचान मिली। उनको असली सफलता ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज से मिली। इस शो में अपने कमाल के प्रदर्शन की बदौलत वह घर-घर में सबकी जुबान पर आ गए।
राजू एक ऐसे कलाकार है जो किसी भी टॉपिक को सामने ले आते है। वे अपनी कुशल मिमिक्री के लिये जाने जाते हैं। वे अक्सर रोजमर्रा और छोटी-छोटी घटनाओं पर कॉमेडी करते हैं। उनका फेवरेट करैक्टर गजोधर काका बहुत ही फेमस हैं। दरअसल , राजू के ननिहाल में गजोधर नामक एक नाई था और जिससे राजू अपने बाल कटवाते थे। उन्होंने कल्यानजी आनंदजी, बप्पी लाहिड़ी एवं नितिन मुकेश जैसे कलाकारों के साथ भारत व विदेश में काम किया है।

राजू ने द ग्रेट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज , एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो से सबसे बड़ी सफलता हासिल की , जिसमें वह दूसरे रनर-अप थे। उन्होंने अन्य टीवी धारावाहिकों जैसे शक्तिमान , बिग बॉस, कॉमेडी का महा मुकाबला, कॉमेडी सर्कस, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल, इत्यादि में कार्य किया। साथ कई फिल्मो में भी काम किया हैं जैसे –

- 1988 तेज़ाब
- 1993 बाज़ीगर
- 2001 आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया
- 2002 वाह! तेरा क्या कहना
- 2003 मैं प्रेम की दीवानी हूँ
- 2007 बिग ब्रदर
- 2007 फिर हेरा फेरी
- 2007 बॉम्बे टू गोवा
- 2010 भावनाओ को समझो